Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 14-03-2007

Participants : Mehta Shri Bhubneshwar Prasad

>

Title: Need to expedite the construction on Hazaribagh-Koderma, Hazaribagh - Ranchi and Koderma-Giridih railway sections in Jharkhand - laid.

श्री भुवनेश्वर प्रसाद मेहता (हज़ारीबाग) : महोदय, झारखंड का हज़ारीबाग जिला उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल का मुख्यालय है। इस प्रमंडल में कोयला की सैकड़ों खान, थर्मल पावर स्टेशन एवं टाटा की कोलियरी है। लाखों की संख्या में मज़दूर यहां काम करते हैं। दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि आज़ादी के 60 वर्ा बाद भी हज़ारीबाग को रेलवे लाइन से नहीं जोड़ा गया है। 1995 से हज़ारीबाग को रेलवे लाइन से जोड़ने की स्वीकृति रेलवे मंत्रालय ने दी और 1998 में पूर्व प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने शिलान्यास किया जिससे कोडरमा से हज़ारीबाग, हज़ारीबाग से रांची और कोडरमा से गिरीडीह को रेलवे लाइन से जोड़ने का कार्य शुरू हुआ। सात वर्ा पूर्व कार्य शुरू हो गया लेकिन अभी तक मात्र 18 प्रतिशत कार्य हुआ है। रेलवे लाइन निर्माण को 2007 तक पूरा करना था लेकिन जिस रफ्तार से कार्य हो रहा है, उस रफ्तार से 2015 तक भी रेलवे लाइन से हज़ारीबाग का संपर्क नहीं हो पाएगा।

इस संबंध में मैं माननीय रेल मंत्री जी से भी कई बार मिला। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष, सदस्य- इंजीनियरिंग, महाप्रबंधक से लगातार संपर्क किया। 14वीं लोक सभा का कोई भी ऐसा सत्र नहीं होगा जिसमें हमने इस प्रश्न को नहीं उठाया है लेकिन इस पर आज तक कोई ध्यान नहीं दिया गया।

मैं सरकार से पुनः मांग करता हूं कि सरकार काम में तेज़ी लाए और इस योजना को शीघ्र पूरा किया जाए।